एक नजर में

जेईई मैंस में चमके ट्रायम्फल आर्च एकेडमी के सितारे

99 .43 परसेंटाइल अर्जित कर अविक ने बढ़ाया शाला का मान ।

बुरहानपुर। ट्रायम्फल आर्च एकेडमी के विद्यार्थियों ने जेईई मैंस में अपना परचम बुलंद किया,कुल 5 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर शाला को गौरवान्वित किया। शाला के अविक चौकसे ने 99.43 परसेंटाइल हासिल कर पहला स्थान, नमन बजाज ने 98.8 परसेंटाइल हासिल कर दूसरा स्थान, 98.7 परसेंटाइल हासिल कर केशव लोहिया ने तीसरा स्थान, 97.2 परसेंटाइल हासिल कर पर्व कापड़िया ने चौथा स्थान एवं 91.69 परसेंटाइल हासिल कर समर्थ पाटिल ने पांचवां स्थान प्राप्त कर शाला में टॉप 5 में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन श्री कमलेश पटेल ने बताया कि ये परिणाम शाला के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की अटूट मेहनत का परिणाम है, हमें विश्वास है कि ट्रायम्फल एवं एलेन की जोड़ी आने वाली परीक्षाओं के भी ऐतिहासिक परिणाम देगी।

संस्था सचिव श्रीमती नम्रता पटेल ने बताया कि शाला के विद्यार्थी अपने परिणामों से हर वर्ष गौरवान्वित करते है, जैसे जैसे शाला बढ़ती जा रही है शाला का गौरव भी बढ़ता जा रहा है एवं आने वाले कक्षा 10 वी एवं 12 वी के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट होंगे। संस्था प्राचार्य डॉ मनुभाई पटेल ने विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों को बधाई दी एवं शाला में स्वागत किया।

शाहपुर में सोशल मीडिया लव ट्रैप का सनसनीखेज मामला, हिन्दू संगठनों ने जताया आक्रोश

बुरहानपुर। जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया हैए जिसने शहर से लेकर गांव तक बहस छेड़ दी है। 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा ने गांव शाहपुर के एक युवक पर सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर शादी और इस्लाम कबूलने का दबाव बनानेए गलत नीयत से छेड़छाड़ करने और फोटो वायरल करने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्नेपचैट से इंस्टाग्राम तक और फिर मुलाकातों का सिलसिला–छात्रा के मुताबिक अप्रैल 2025 में शाहपुर निवासी अरशद नामक युवक ने स्नैपचैट पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। पहले सामान्य और दोस्ताना बातचीत हुई। करीब एक सप्ताह बाद युवक ने इंस्टाग्राम पर भी कनेक्ट किया और फिर नियमित चैटिंग शुरू हो गई। जुलाई में दोनों की पहली मुलाकात बुरहानपुर के एक रेस्टोरेंट में हुई। इसके बाद 5.6 बार अलग.अलग जगहों पर मुलाकातें हुईं। छात्रा का आरोप है कि युवक उसे कैफे में बुलाता था और असीरगढ़ व ठाटर खामला जैसे स्थानों पर भी लेकर गया।

गलत संबंध बनाओ, फिर भागकर शादी करेंगे, छात्रा का आरोप:–पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि मुलाकातों के दौरान युवक ने गले में हाथ डालकर सेल्फी ली और गले व कमर पर गलत तरीके से छुआ। विरोध करने पर वह शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। छात्रा के अनुसार युवक ने चैट और कॉल पर कहा कि दोनों भागकर शादी कर लेंगे और उसे इस्लाम कबूल करना होगा। जब उसने इनकार किया तो फोटो वायरल करने की धमकी दी।

छात्रा ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे युवक के दबाव में वह घर से बिना बताए निकली। युवक ने उसे गार्डन के पास बुलाया था। कुछ देर वहां रुकने के बाद वह मॉल की ओर चली गई। इधर परिवार उसे तलाश रहा था। चाचा के बेटे ने बुरहानपुर में उसे देख लिया और सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और उसे साथ लेकर गांव आए। फिर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शाहपुर थाना क्षेत्र पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। सूत्रों के मुताबिकए मोबाइल चैट, कॉल डिटेल और सोशल मीडिया अकाउंट की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यदि धर्म परिवर्तन के लिए दबाव और दुष्कर्म के प्रयास की पुष्टि होती है तो कड़ी धाराएं जोड़ी जाएंगी।

मामले के सामने आने के बाद कुछ हिंदू संगठनों ने इसे लव जिहाद से जोड़ते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। संगठनों का कहना है कि नाबालिग छात्राओं को सोशल मीडिया के जरिए निशाना बनाया जा रहा है, जिस पर कड़ी निगरानी जरूरी है। पुलिस अधिकारियों ने अपील की है कि जांच पूरी होने से पहले अफवाहों से बचें और कानून व्यवस्था बनाए रखें।

नेशनल लोक अदालत हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

बुरहानपुर। बुधवार को नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री निलेश कुमार जिरेती, न्यायाधीशध्सचिव श्री प्रेमदीप सांकला, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राजू पन्द्रे, नगरीय निकाय बुरहानपुर, शाहपुर, नेपानगर, वन, विद्युत, श्रम,बीएसएनएल, अग्रणी शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया इत्यादि विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। आयोजित बैठक में नेशनल लोक अदालत की तैयारियों हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्री.लिटिगेशन प्रकरणों की सूची तैयार कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें, ताकि अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में न्यायाधीश श्री प्रेमदीप सांकला ने अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट का व्यापक प्रचार.प्रसार करने की बात कही। बैठक में लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सुझाव भी आमंत्रित किए गए।

विकलांग बच्चे के लिए परिवार को खुशी के पल संस्था ने की मदद

बुरहानपुर । मानवता को समर्पित संस्था खुशी के पल ने एक विकलांग बच्चे कों आर्थिक ,अनाज एवं मेडिकल सेवाएँ उपलब्ध करायी विकलांग बच्ची एक जरुरतमंद परिवार से हैं जिसमें आर्थिक कमी के कारण कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा था संस्था की संयोजिका श्रीमति हरप्रीत कीर ने बताया कि संस्था को यह जानकारी मिली कि एक विकलांग बच्चे को इन सभी चीज़ों की आवश्यकता है और उसे और परिवार को सरकारी सुविधाएँ भी नहीं मिल पा रही है उसी को देखते हुए संस्थान ने उसको यह सामग्री उपलब्ध करायी ताकि उसकी कुछ परेशानियाँ कम हो सके श्रीमती हरप्रीत कीर ने बताया कि भविष्य में विकलांगों के लिए अगर कोई कैंप का आयोजन होता है तो बच्ची के जल्द स्वस्थ होने के लिए संस्था उसे मदद करेगी। कार्यक्रम में संस्था से जुड़ी सदस्य रिचा सलूजा,रानी अरोड़ा,ऊषा माहेश्वरी, साक्षी माखीजा आदि सदस्य उपस्थित थे ।

बुरहानपुर को बड़ी विकास सौगातें, शाहपुरा और इच्छापुर बनेंगे विश्राम गृह

विधायक अर्चना चिटनिस ने जताया आभार
7.14 करोड़ से सरदार पटेल अखंड भारत सांस्कृतिक वन की सौगात।

नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में वित्त मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा राज्य का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया। इस बजट में बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए सड़कों, शासकीय विश्रामगृह, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय विकास को बढ़ावा देने के लिए बजट में सांस्कृतिक वन परियोजना के अंतर्गत सरदार पटेल अखंड भारत सांस्कृतिक वन के निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा की गई है, जिससे क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। बजट घोषणाओं पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध सहित क्षेत्र की जनता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

शाहपुर और ईच्छापुर में बनेगा विश्रामगृह :- अर्चना चिटनिस ने विशेष आग्रह पर बजट में बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार के साथ.साथ सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। ग्राम ईच्छापुर एवं शाहपुर नगर में शासकीय विश्रामगृह के निर्माण हेतु 3 करोड़ रुपए की सौगात दी गई है, जिससे जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के लिए सुविधाजनक आवास एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

बुरहानपुर विधानसभा अंतर्गत अनेक सड़कों की मिली सौगात:-सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए बजट में विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए करोड़ों रुपए का प्रावधान किया गया है। खामनी से रायगांव तक 5 किलोमीटर लंबे मार्ग के लिए 4.76 करोड़ रुपए, लालबाग से शहादरा तक 4 किलोमीटर लंबे मार्ग के लिए 8.50 करोड़ रुपए,सिंधीबस्ती.मोहम्मदपुरा फोरलेन से श्री रेणुका माता मंदिर तक 2.50 किलोमीटर मार्ग के लिए 7.70 करोड़ रुपए, ग्राम भोटा से ग्राम वारोली तक 2 किलोमीटर मार्ग के लिए 2.30 करोड़ रुपए, महाराष्ट्र को जोड़ने वाले मोहद से जामठी. कुरा.ककोड़ा तक 12 किलोमीटर मार्ग के लिए 5.13 करोड़ रुपए तथा दर्यापुर, जसौंदी एवं कारोली क्षेत्र में 14.30 किलोमीटर मार्ग के निर्माण हेतु 8.52 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा बुरहानपुर प्रवास के दौरान की गई घोषणा की सड़कों को आगामी अनुपूरक बजट में सम्मिलित करने हेतु मुख्यमंत्री जी ने आश्वस्त किया हैं।

सरदार पटेल अखंड भारत सांस्कृतिक वन की सौगात:-विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस के विशेष आग्रह पर सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय विकास को बढ़ावा देने के लिए बजट में सांस्कृतिक वन परियोजना अंतर्गत सरदार पटेल अखंड भारत सांस्कृतिक वनश के निर्माण हेतु 7.14 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे पर्यटन,हरित क्षेत्र विस्तार और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। साथ ही हरित क्षेत्र का विस्तार होगा और नागरिकों को स्वच्छ व प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध होगा।

बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट बुरहानपुर के विकास के लिए ऐतिहासिक और दूरदर्शी है। उन्होंने कहा कि सड़क, अधोसंरचना, प्रशासनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय परियोजनाओं के लिए किए गए प्रावधानों से क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज होगी और नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार बुनियादी ढांचे के विकास, ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

बजट घोषणाओं के बाद बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों में उत्साह का माहौल देखा गया। लोगों ने विश्वास जताया कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और बुरहानपुर को एक आधुनिक, पर्यावरणीय एवं सुविधा संपन्न विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

महापौर द्वारा विभागीय कार्यों एवं विकास योजनाओं की व्यापक समीक्षा की

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुधवार को महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल जी द्वारा नगर निगम कार्यालय के एम आई सी हॉल मे समस्त विभागीय प्रमुखों के साथ विभागों में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पेयजल प्रेशर,सड़क निमा, सीवरेज, सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, राजस्व वसूली,उद्यान विकास, निर्माण कार्यों की प्रगति एवं अन्य जनहितकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। महापौर जी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि राज्य शासन एवं नगर निगम की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने निर्देशित किया कि जिन भवन स्वामियों के रिक्त प्लाट हैं उन्हें तार फेंसिंग द्वारा सुरक्षित करे तथा प्लाट पर पड़ा कचरा स्वयं हटा ले अन्यथा कि स्थिति में नगर निगम द्वारा हटाए जाने पर संबंधित भवन स्वामी से उसका शुल्क वसूल किया 8स्की संपूर्ण जवाबदारी भवन स्वामी की होगी।

राजस्व कर संपत्ति कर की वसूली को लेकर भी निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है शहर के जिन बकाया करदाताओं का टैक्स बाकी है उनको निर्देश दिए जाए कि वे आप अपना कर निगम कार्यालय में जमा कराए अन्यथा निगम द्वारा सख्ती से संपत्ति कुर्की की कार्यवाही कर उन्हीं से बकाया कर राशि वसूली की जायेगी।

महापौर जी ने विशेष रूप से अधोसंरचना विकास कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करनेएनागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति लाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपनी कार्ययोजना के अनुरूप नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि नगर के प्रमुख मार्गों,नालों, उद्यानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों के विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं तकनीकी मानकों का पूर्णत: पालन किया जाए, जिससे नागरिकों को बेहतर एवं सुविधाजनक शहरी वातावरण उपलब्ध हो सके।

महापौर जी ने कहा कि नगर का समग्र विकास प्रशासन, जन प्रतिनिधियों एवं नागरिकों के समन्वित प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुँचाने हेतु प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

बैठक में निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ,पुर्व महापौर श्री अतुल पटेल निगम,आयुक्त संदीप श्रीवास्तव,एम आई सी चैयरमैन धनराज महाजन,भारत इंगले, श्रीमती संध्या राजेश शिवहरे,संभाजी सगरे,नितेश रोशन दलाल,एजाज असरफी,महेंद्र इंगले अनिल विस्पुत, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू , सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार,लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल ,सहायक यंत्री अशोक पाटिल ,गोपाल महाजन, जनसंपर्क अधिकारी हरिश मोरे ,संजय शाह , वीरेंद्र रवाये,उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल , इंजीनियर, विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

श्री प्रेमचंद हनुमान मंदिर परिसर में विराजित द्वादश ज्योतिर्लिंग का विधान पूर्वक रुद्राभिषेक पूजन

नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। श्री प्रेमचंद हनुमान मंदिर परिसर में विराजित द्वादश ज्योतिर्लिंग का विधान पूर्वक रुद्राभिषेक पूजन श्री प्रेमचंद हनुमान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व पर ट्रस्टी आचार्य पंडित योगेश शर्मा महाराज द्वारा ट्रस्टी जजमान गण सर्वश्री पंण् मोतीलाल रिछारिया ए विनोद साहू ए शैलेश निंभोरे एवं आशीष शर्मा के हस्ते सपत्निक कराया गया।

प्रतिवर्ष अनुसार भक्तों को प्रसादी फल वितरण की व्यवस्था ट्रस्टी श्रीमती प्रतिभा संतोषसिंह दीक्षित द्वारा की गई एवं अभिषेक हेतु दूध दही घी का दान ट्रस्टी मुकेश शाह श्रीकृष्ण दूध डेयरी ने प्रदान किया। भगवान भोलेनाथ का फूलों से मंदिर श्रंगार भक्त रवि भाई फूलवाले ने किया। इस पावन पर्व पर ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेश सुगंधी, ट्रस्ट सचिव सुनीता शर्मा एवं ट्रस्टी लाहनु महाजन ने संपूर्ण भक्तिभाव से अपनी सेवाएं प्रभु चरणो में अर्पित की। पूजन दर्शन के लिए संपूर्ण दिवस भक्तों का तांता लगा रहा।

मिर्गी की दवाई आगामी सूचना तक बंद रहेंगी

नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। सर्वसाधारण एवं देशवासियों को यह सूचित किया जाता है कि आयुर्वेदाचार्य डॉ .विभूतिभूषण प्रभुनाथ शास्त्री ,बनारसवाले के यहां जो वर्ष में तीन बार मिर्गी की दवाई वितरण की जाती है प्रताप उत्सव समिति हमेशा तीनो समय आपको अवगत कराती हैं ,पर इस बार भी बड़े खेद के साथ आपको समिति यह सूचित करती है कि इसवर्ष भी दवाई वितरण नही की जाएंगी। अत: देशभर से आने वाले मरीजो से अनुरोध है कि वह जो इस बार भी बुरहानपुर नही आए।

जल संरक्षण की दिशा में निरंकारी मिशन का सशक्त कदम प्रोजेक्ट अमृत का चौथा चरण

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र होए तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल,स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार 22 फरवरी 2026 प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसी श्रंखला में बुरहानपुर ब्रांच में भी ताप्ती नदी के राजघाट पर इसका आयोजन होगा।

जिसमें ताप्ती नदी के आँचल, प्रांगड़ और किनारों की सपुई की जाएगी।

बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणास्पद शिक्षाओं' को आत्मसात करते हुए यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि 'जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है,जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है। सतगुरु माता जी का संदेश सदैव यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोकर रखें। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान उसी पावन संकल्प का सजीव प्रतीक है। स्थानीय ब्रांच बुरहानपुर के मुखी चन्द्रलाल लालवानी जी ने, आम जनमानस को इस अभियान में सहभागिता देने हेतु सादर आमंत्रित किया है। उक्त जानकारी मीडिया सहायक दीपक जयसिंघानी ने दी।

22 फरवरी को श्री हैहय कल्चुरी कलाल समाज का परिचय सम्मेलन



मातृशक्ति द्वारा परिचय सम्मेलन को सफल करने के लिए जारी की अपील।

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला चौकसे ने 22 फरवरी को आहूत होने वाले कल्चुरी कलाल समाज परिचय सम्मेलन में महिलाओं युवतियों और वरिष्ठ जनों से सम्मेलन में शरीक होने की अपील की है। जिला अध्यक्ष का मानना है मातृशक्ति समाज की रीढ़ और सशक्तिकरण का आधार होती है। परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए,मातृशक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। जिससे परिवार समृद्ध और कलाल समाज का सामाजिक मूल्य सुदृढ़ हो सके।

समाज सेवी श्रीमती चंचल चौकसे का मानना है मातृशक्ति की पहल सामाजिक जागृति और विकसित समाज निर्माण के लिए एक निर्णायक कदम रहेगा। आपने परिचय सम्मेलन की सफलता के लिए अपील जारी कर महिलाओं के लिए ड्रेसकोट ग्रीन साड़ी. सूट धारण कर कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करवाकर अपने, अपने रिश्तेदारों मे युवा पीढ़ी को सुयोग्य जीवनसाथी खोजने के वैवाहिक परिचय सम्मेलन के महायज्ञ में सक्रिय भागीदारी निभाकर रिश्तों की बेल चढ़ाने में भूमिका का निर्वहन करने की अपील की है। चौकसे का मानना है रिश्ते बढ़ने से समाज स्वत: ही मजबूत होगा।

समाज सेविका सुनीता शिवहरे ने परिचय सम्मेलन को संस्कार और संस्कृति का आधार बताकर जिला अध्यक्ष शिक्षाविद् आनंद प्रकाश जी चौकसे सर के साथ साथ सामाजिक वरिष्ठ जनों के दूरगामी सोच की प्रशंसा कर कलाल समाज के बंधु बांधव से अपील कर कहा कि आयोजित कलाल समाज के सम्मेलन के माध्यम से पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक सोच का मिलन सुनिश्चित कर हमे अनेकानेक रिश्तों की डोर जोड़ना है इसलिए आपको सिर्फ प्रात: उठकर तैयार हो मेक्रो विजन अनहद आनंद ऑडोटोरियम में आना है चाय नाश्ता भोजन की व्यवस्था समाज करेगा। समाज सेविका लता चौकसे ने समाज सशक्तिकरण के लिए आयोजित सम्मेलन युवतियों के उत्थान और सामाजिक जागृति का सशक्त माध्यम बने इसके लिए समाज की महिलाओं को आगे आकर परिवार . समाज . रिश्तेदारों में 22 फरवरी को आयोजित सम्मेलन की रूप रेखा से परिचित करवाकर आने का आमंत्रण दे।

श्रीमती सुधा चौकसे राष्ट्रीय महिला कार्यकारी अध्यक्ष का मानना है रिश्तों की अमर बेल को सिंचित करने के लिए समाज में सूचनाओं का नेटवर्क मजबूत करना होगा जिसके लिए सामाजिक रूप से युद्ध स्तर पर प्रयास किए गए है। अब अवसर है अंतिम पड़ाव का मातृशक्ति मिलकर 22 फरवरी के आयोजन को एक ऐसा मंच बनाएं, जहाँ सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा मिले।

आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने राकेश सोलंकी

नवभारत न्यूज, खकनार। म.प्र. आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामू टेकाम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया की सहमति से राकेश सोलंकी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है । वर्तमान में राकेश सोलंकी बुरहानपुर जिले की खकनार जनपद पंचायत के अध्यक्ष है । जिले में भाजपा के सांसदए विधायक के रहते जीत का परचम लहराया है । अपनी सादगी व्यवहार कुशलता के चलते कांग्रेस में अपनी अलग पहचान बनाई है । उनकी संगठन में कार्यशैली और क्षमता का उपयोग कर आदिवासियों को कांग्रेस संगठन में वापस जोड़कर अपनी स्थिति मजबूत करने का कार्य कर रही है । इसलिए सोलंकी को प्रदेश में नए दायित्व की कमान सौपी है । सोलंकी की नियुक्ति से जहाँ आदिवासी क्षेत्र में हर्ष व्यपात है वही जिले के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह शेरा भैय्या,शहर अध्यक्ष रिंकू टॉक,अजय सिंह रधुवंशी,प्रदेश सचिव इन्द्रसेन देशमुख,हामीद काजी,किशोर महाजन, जसलीन कीर, रामभाऊ लांडे, सरिता भगत,अमर यादव, दिनेश शर्मा,गेंदूबाई ,सोहन सैनी, अंतरसिंग बर्डे, अशोक पाटिल, भारती पाटील, हरीश नारखेड़े,प्रकाश सिंह बैस,राजीव महाजन, विजय चौधरी, मुकेश मुंगाल, ब्रजेश मालवीय, स्नेहिल चौधरी, विजय चौधरी, राजू महाजन,विक्रम ठाकुर, श्याम यादव, छोटू पाटिल, कृष्णा आसखेड़कर, आकाश राठौड़, प्रेमसिंह जमरा,राजेंद्र मसाने, किशोर राजपूत सहित सभी जिलों के कांग्रेसियों ने राकेश सोलंकी को महासचिव बनने पर बधाई दी है ।

एक नजर बिम्ट्स खेल महोत्सव .2026 का सफल समापन, फार्मेसी विभाग ने जीता क्रिकेट का फाइनल

खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाला प्रत्येक विद्यार्थी प्रशंसा के योग्य है : मिश्रा

नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। ग्राम झिरी स्थित ईस्वम एकेडमी ऑफ टेक्निकल एंड जनरल एजुकेशनए बुरहानपुर द्वारा संचालित प्रो.बृजमोहन मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेस बिम्ट्स में 11 से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित बिम्ट्स खेल महोत्सव. 2026का समापन हुआ। यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ज्ञानवर्धक, बौद्धिक एवं शारीरिक खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

संस्था के जनसंपर्क अधिकारी मिर्जा राहत बेग ने बताया कि खेल महोत्सव के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ संस्था अध्यक्षा राखी मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अमित मिश्रा द्वारा माँ सरस्वती एवं बापूजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान प्राचार्य सैय्यद आसिफ अली,डॉ.जैनुद्दीन अली,डॉ.शीतल पाटीदार, शैलेन्द्र उपाध्याय एवं राजू पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

खेल महोत्सव के अंतिम दिन फार्मेसी एवं पैरामेडिकल विभाग के मध्य क्रिकेट का रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें फार्मेसी विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम बल्लेबाजी में 10 ओवरों में 136 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पैरामेडिकल विभाग की टीम 10 ओवरों में 74 रन ही बना सकी, जिससे फार्मेसी विभाग ने क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

सप्ताह भर चले खेल महोत्सव में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस, वॉलीबॉल, शतरंज, बैडमिंटन,खो.खो, क्रिकेट, लगोरी, कबड्डी, टग ऑफवार, कैरम सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विशेष बात यह रही कि इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने भी बढ़.चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता छात्र.छात्राओं एवं उनकी टीमों को ट्रॉफी, गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्रदान किए गए,वहीं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संस्था संचालक अमित मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाला प्रत्येक विद्यार्थी प्रशंसा के योग्य है ,क्योंकि सहभागिता से ही प्रतिस्पर्धा और विजेता का चयन संभव होता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से कॉलेज जीवन को अनुशासन और उत्साह के साथ जीने का आह्वान किया।

संस्था संचालिका राखी मिश्रा ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने क्रिकेटए कबड्डीए वॉलीबॉल जैसे खेलों में सहभागिता कर यह सिद्ध कर दिया कि लड़कियां किसी से कम नहीं हैं। वहीं उपाध्यक्ष श्री अनिल जैन ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालयए खरगोन की क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले बीसीए के छात्र प्रणव थारकर को विशेष पुरस्कार ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन प्राध्यापिका लिट्टी अब्राहम एवं भूमिका महाजन ने किया। खेल महोत्सव की सफलता पर संस्था अध्यक्ष राखी मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल जैन,सचिव अमित मिश्रा, प्राचार्य सैय्यद आसिफ अली सहित प्रशासनिक अधिकारी विशाल गोजरे, हेमलाल सोलंकी,जयप्रकाश पाटील, मुकेश पाटील, सैय्यद खलील, प्रिन्यु थॉमस, सोनाली चौधरी, श्रद्धा काले, श्वेता बिल्लारे, अमोल काले एवं समस्त स्टाफने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।